षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-10 मंगलवार, दिनांक-13 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

प्रश्नकाल प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये और शोरगुल करने लगे ।

"आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी मांगों को निर्धारित समय पर उठायें । प्रश्नकाल में सभी माननीय सदस्यों के जनहित से जुड़े मुद्दे हैं इसलिए सदन को चलने दें ।"

तत्पश्चात् विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर बैठ गये ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1056 स्थगित ।

(iv) 112 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i)	श्री अमीत कुमार	(ii)	श्रीमती अमिता भूषण
(iii)	श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव	(iv)	श्री राजेन्द्र कुमार
(v)	डा० विनोद कुमार यादव	(vi)	श्री महबूब आलम
(vii)	श्री सुदामा प्रसाद	(viii)	श्री सत्यदेव राम
(ix)	श्री ललन पासवान	(x)	श्री रामप्रीत पासवान
(xi)	श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह	(xii)	श्री प्रहलाद यादव
(xiii)	श्री सुनील कुमार	(xiv)	श्री जितेन्द्र कुमार राय

(xv)	श्री जिवेश कुमार	(xvi)	श्री तारकिशोर प्रसाद
(xvii)	श्री विनय बिहारी	(xviii)	श्री लक्ष्मेश्वर राय

इस दौरान माननीय सदस्य, श्री प्रहलाद यादव की शून्यकाल की सूचना पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेकर जाँच कराने का निदेश दिया गया ।

[3] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य, श्री राजीव नन्दन एवं अन्य सभासदों का पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित तथा दिनांक 05 मार्च, 2018 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बृज किशोर बिंद द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री अशोक कुमार एवं अन्य का सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अशोक कुमार (क्षेत्र सं०-208) द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय की मांग किये जाने के फलस्वरूप ध्यानाकर्षण सूचना स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य, श्री मनीष कुमार एवं अन्य का सभासदों का वित्त विभाग / ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मनीष कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय की मांग किये जाने के फलस्वरूप ध्यानाकर्षण सूचना स्थगित हुआ ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-05 (नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, विधि विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास विभाग, श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा नगर विकास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i)	श्री रामसेवक सिंह	(ii)	श्री नितिन नवीन
(iii)	श्री समीर कुमार महासेठ		

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती (डा०) रंजू गीता ने आसन ग्रहण किया)

(iv)	श्री अजीत शर्मा	(v)	श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(vi)	श्री राम विशुन सिंह	(vii)	श्री विजय कुमार खेमका
(viii)	श्रीमती अमिता भूषण	(ix)	श्री मो० नवाज आलम
(x)	डा० मुहम्मद जावेद	(xi)	श्री कुमार सर्वजीत
(xii)	श्री ललन पासवान	(xiii)	श्री सत्यदेव राम
(xiv)	श्री केदार प्रसाद गुप्ता	(xv)	श्री गुलाब यादव

(xvi) श्री संजीव चौरसिया (xvii) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री विनोद नारायण झा द्वारा अपने विभाग के उपलब्धियों एवं कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

तदोपरान्त् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 19 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-14 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-13.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।